3. **बच्चों का काम पर जाना किसके समान है?**
   a. पागलपन  b. हादसा
   c. तुफान  d. एक बुराई के समान

4. **'बच्चे काम पर जा रहे हैं ' इसे किस तरह लिखा जाना चाहिए?**
   a. विवरण की तरह  b. गजल की तरह
   c. कविता की तरह  d. कहानी की तरह

5. **काम पर जा रहे बच्चों के हिस्से की गेंद कहाँ गिर गई?**
   a. मैदान में  b. अंतरिक्ष में
   c. नदी में  d. समुद्र में

6. **उनके खिलौने कहाँ दब गए हैं?**
   a. जमीन में  b. मकान के नीचे
   c. पार्क में  d. पहाड़ के नीचे

7. **कवि के अनुसार बच्चों के किताबों को कौन खा गया ?**
   a. भैंस  b. दीमक
   c. चिड़िया  d. चिटियाँ

8. **बच्चे किस समय काम पर निकल जाते हैं?**
   a. सुबह-सुबह  b. रात में
   c. दोपहर में  d. नही जाते हैं।

9. **लोगों को बच्चों का काम पर जाना अटपटा क्यों नहीं लगता है?**
   a. वे कर्म को ही पूजा मानते हैं
   b. वे संवेदन शून्य हो गए है
   c. वे मानते है सबको काम करना चाहिए
   d. सरकार बच्चों को कर्मयोगी बनाना चाहती है

10. **राजेश जोशी का जन्म कब हुआ ?**
   a. सन 1915 में  b. सन 1946
   c. सन 1948 में  d. 1950 में

11. **राजेश जोशी का जन्म कहाँ हुआ ?**
   a. मध्य प्रदेश के नरसिंह जिले में
   b. मध्य प्रदेश के सतना जिले में
   c. इंदौर में
   d. पटना में

12. **कौन सी रचना जोशी जी की नहीं है ?.**
   a. एक दिन बोलेंगे पेड़  b. मिट्टी का चेहरा
   c. नेपथ्य में हंसी  d. चाँद का मुँह टेढ़ा

13. **राजेश जोशी को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?**
   a. ज्ञानपीठ पुरस्कार  b. शूरवीर पुरस्कार
   c. साहित्य अकादमी पुरस्कार  d. राष्ट्रपति पुरस्कार

14. **कवि ने किसके काम पर जाने को भयावह माना है ?.**
   a. बच्चों के  b. बूढ़ों के
   c. औरतों के  d. बीमारों के

15. **बच्चों की इस दयनीय स्थिति के बारे क्या सवाल होना चाहिए?**
   a. आखिर बच्चे काम पर क्यों जा रहे ?
   b. बच्चे काम पर क्यों नहीं जा रहे है?
   c. क्यों बच्चो को पढ़ाना ही चाहिए ?
   d. बच्चों को स्कूल में दाखिला क्यों नही दिया जाता है.

16. **कवि के अनुसार बचपन कैसा होना चाहिए ?.**
   a. बचपन में मज़दूरी कराना चाहिए
   b. बचपन खुशियों से भरा होना चाहिए
   c. विकल्प a सही है।
   d. विकल्प b सही नही है

17. **कवि ने सबसे भयावाह किसे माना है?**
   a. अशिक्षा को  b. गरीबी को
   c. बच्चों के काम पर जाने को  d. प्रदूषण को

18 **पाठ के आधार पर बताइए कि कुहासे भरी सुबह में बच्चे कहाँ जा रहे हैं?.**
   a. मंदिर  b. काम पर
   c. विद्यालय  d. बाजार

19. **जाड़े के दिनों सुबह-सुबह सड़कों पर क्या छाया होता है ?**
   a. धुआँ  b. अँधेरा
   c. कोहरा  d. धूल

20. **बच्चों को काम पर जाता देख कवि के मन में कैसे भाव उमड़ते है ?**
   a. करुणा  b. चिंता
   c. आवेग  d. उपर्युक्त सभी

21. **'हस्बमामूल ' का क्या अर्थ है ?**
   a. अचानक  b. करुणा
   c. यथावत  d. भूचाल

22. **यह कविता देश में विद्यमान किस गंभीर समस्या पर प्रकार डालती है ?.**
   a. श्रमिक वर्ग का शोषण  b. निरक्षरता
   c. बाल मजदूरी  d. बेरोजगारी

23. **बच्चों पर किसका बोझ नहीं डालना चाहिए?**
   a. रोजी रोटी कमाने का  b. पढ़ाई करने का
   c. खाना बनाने का  d. उपर्युक्त सभी

24. **बाल मजदूरी किसके लिए बहुत बड़ी समस्या है?**
   a. परिवार के लिए  b. समाज के लिए
   c. गाँवों के लिए  d. माता पिता के लिए

25. **सारी गेंद कहाँ गिर गयी है ?**
   a. विद्यालय में  b. अंतरिक्ष में
   c. खेल के मैदान में  d. नाले में

26. **कवि के अनुसार क्या चीज अचानक ही खत्म हो गई ?**
   a. सारे मैदान  b. सारे बगीचे
   c. घरों के आंगन  d. उपरोक्त सभी

27. **कविता के माध्यम से कवि किस पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है?**
   a. माता पिता पर  b. स्वयं पर

© JCERT not to be republished

c. समाज की संवेदना पर d. बच्चों पर

**28. कवि के अनुसार कौन सी चीज दुनिया को सही मायने में दुनिया बनाती है.**

a. बच्चों के खिलौने b. रंग बिरंगी किताबे

c. घर के आँगन d. उपरोक्त सभी

**29. बच्चों के खिलौने, किताबें, मदरसे नष्ट हो जाने पर दुनिया कैसी होती ?.**

a. भयानक b. सुंदर

c. रंग बिरंगी d. शानदार

**30. कवि कहाँ जाकर राहत की साँस लेता है ?.**

a. जब वह समाज को झकझोर देता है

b. जब वह बाल मजदूरों के सत्य को सबको व्यक्त कर देता है.

c. जब वह देखता है कि सारे आँगन, खिलौने और विद्यालय अपने-अपने स्थान पर है।

d. बच्चे काम पर जाना बंद कर देते हैं।

**31. कवि के हताशा और निराशा के क्या कारण है ?**

a. बेरोजगारी b. गरीबी

c. बाल मजदूरी c. जातिगत भेदभाव

**32. दिए गए विकल्पों मे से 'कोहरा' का सही अर्थ चुनें -**

a. धुंध b. हवा

c. बारिस d. धुआँ

**33. निम्नलिखित में अंतरिक्ष का पर्यायवाची कौन सा होगा?**

a. धरती b. वायुमंडल

c. आकाशमंडल d. पाताल

**34. 'मदरसा 'किसे कहते है?**

a. सामान्य विद्यालय है

b. मदरसा धार्मिक विद्यालय है जहाँ मुस्लिम बच्चे अध्ययन करते हैं।

c. मदरसा हिन्दु विद्यालय है जहाँ हिन्दु बच्चे पढ़ते है।

d. मदरसा ईसाई मिशनरी विद्यालय होते हैं।

**35. 'एका-एक' का शाब्दिक अर्थ क्या हो सकता है?**

a. अचानक b. आराम से

c. धीरे-धीरे d. कुछ नहीं

**36. 'सवाल' का विपरीतार्थक शब्द क्या है ?.**

a. प्रश्नचिन्ह b. जवाब

c. सवाल d. परेशान

**37. विवरण का दूसरा शाब्दिक अर्थ क्या होगा ?**

a. व्याख्या b. सवाल

c. निबंध d. नाटक

**38. 'किताबें' का एकवचन इन विकल्पों में कौन सा होगा?**

a. कपियाँ b. किताब

c. पुस्तकें d. कागज

**39. 'बच्चे' का एक वचन इन विकल्पों में कौन सा होगा?**

a. लड़कियाँ b. लड़के

c. बच्चियाँ d. बच्चा

**40. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कौन सी क्रिया होगी ?**

a. अकर्मक किया b. सकर्मक क्रिया

d. द्विकर्मक क्रिया d. कोई नहीं

**41. क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी.......' सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान भरें।**

a. गुड़िया b. गेंदें

c. किताबे d. चॉकलेट

**42. क्या ___ने खा लिया है सारी रंग बिरंगी _____ को रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चुनाव करें।**

a. दीमकों, किताबों b. चूहों, किताबों

c. चूहों तितलियों d. इनमें से कोई नही

**43. भूकंप की सही परिभाषा का चुनाव करें ।**

a. भूकंप अंतरिक्ष में होने वाली भौगोलिक घटना है।

b. पृथ्वी की चट्टानों से होकर गुजरने वाली भूकंपीय तरंगों के कारण जमीन का अचानक हिलना ।

c. भूकंप वायुमंडल में होने वाली घटना है।

d. पृथ्वी की सतह पर उपस्थित ऐसी दरार जिससे पृथ्वी के भीतर का गर्म लावा, गैस आदि बाहर निकलते है।

**44. विज्ञान की भाषा में दीमक क्या होता है ?**

a. दीमक एक जानवर है

b. दीमक एक कीट होता है जो लकड़ियों को अंदर तक खा जाता है

c. दीमक एक पक्षी है जो ऊँले आसमान में शिकार करता है।

d. दीमक एक कीड़ा होता है जो जमीन के अन्दर रहता है।

**45. निम्नलिखित विकल्पों में से इमारत का पर्यायवाची शब्द चुनें।**

a. झोपड़ी b. दुकान

c. घर d. महल

**46 'भयानक' का विलोम शब्द है?.**

a. सुंदर b. कुरूप

c. गौरा d. काला

**47. 'दुनिया' का वर्ण-विच्छेद इन विकल्पों में कौन सा होगा?,**

a. द् + उ + न् + इ +य् + आ

b. द् + ऊ + न + ई +या

c. दु + नि+ या

d. दु + निया

**48. अंतरिक्ष का सही वर्ण-विच्छेद वाला विकल्प का चयन करें।**

a. अं+त्+अ+र्+इ+क्+ष्+अ

b. अं+त+रि+क्ष

c. अं+त्+अ+र+इ+क्ष



© JCERT not to be republished

d. अं+त+अ+रि + क+क्ष

**49. 'सही वाक्य' का चयन करें-**

a. काम पर जा रहे हैं बच्चे

b. बच्चे काम पर जा रहे हैं

c. जा रहे है बच्चे काम पर

d. बच्चे जा रहे है काम पर

**50. तो फिर बचा ही क्या है इस ____में ? सही विकल्प से रिक्त स्थान भरें**

a. जमीन में b. जहाँ

c. दुनिया d. कुएँ

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. a, | 11. a, | 21. c, | 31. c, | 41. b, |
| 2. a, | 12. d, | 22. c, | 32. a, | 42. a, |
| 3. b, | 13. c, | 23. d, | 33. c, | 43. b, |
| 4. a, | 14. a, | 24. b, | 34. b, | 44. b, |
| 5. b, | 15. a, | 25. b, | 35. a, | 45. d, |
| 6. d, | 16. b, | 26. d, | 36. b, | 46. a, |
| 7. b, | 17. c, | 27. c, | 37. a, | 47. a, |
| 8. a, | 18. b, | 28. d, | 38. b, | 48. a, |
| 9. b, | 19. c, | 29. a, | 39. d, | 49. b, |
| 10. b, | 20. d, | 30. c, | 40. b, | 50. c |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**i कविता के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द द्वारा करें।**

1. हमारे समय की सबसे............. पंक्ति है यह
2. क्या............. में गिर गई है सारी गेंदें
3. तो फिर बचा क्या है , इस...............में
4. भयानक है लेकिन इससे भी ज्यादा यह कि है सारी चीजें................।
5. बच्चे बहुत............. बच्चे काम पर जा रहे हैं।

**उत्तर-** 1. भयानक 2. अंतरिक्ष 3.दुनिया 4.हस्बमामूल 5. छोटे छोटे

**ii कविता के आधार पर खण्ड 'क' से खण्ड 'ख' का मिलान करें।**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| 1. कोहरे से ढक्की सड़क पर | 1. हस्बमामूल |
| 2. क्या अंतरिक्ष में | 2. दब गए हैं सारे खिलौने |
| 3. सारी चीजें | 3. सारी रंग बिरंगी किताबों को |
| 4. क्या काले पहाड़ के नीचे | 4. गिर गई है सारी गेंदे |
| 5. दीमकों ने खा लिया है | 5. बच्चे काम पर जा रहे हैं। |

**उत्तर-** 1-5, 2-4 ,3-1, 4-2, 5-3

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. 'बच्चे काम पर रहे हैं कह कर कवि ने समाज के लिए क्या संदेश दिया ?**

**उत्तर-** बच्चे काम पर जा रहे हैं कह कर कवि ने समाज से प्रश्न किया है कि क्यों पढ़ने-लिखने, खेलने की उम्र में बच्चों को काम पर जाना पड़ रहा है? समाज की संवेदनहीनता और भावशून्यता बच्चों का भविष्य बरबाद कर देगी। अत: सभी लोग मिल कर बच्चों को पढ़ने-लिखने, खेलने- कूदने का अवसर प्रदान कराएँ ।

**2. बच्चों को काम पर जाते देखकर कवि के मन में क्या-क्या प्रश्न उठ रहे हैं ?**

**उत्तर-** बच्चों को काम पर जाते देखकर कवि के मन में प्रश्न उठ रहे हैं कि क्या उनके खेलने के लिए रखी गेंदें आकाश में गिर गई? उनकी पुस्तकें दीमकों ने खा ली है। क्या उनके खिलौने किसी काले पहाड़ के नीचे दब कर नष्ट हो गए? क्या उनके विद्यालयों की इमारतें भूकंप में ढह गई है? खेल के आँगन और बगीचे नष्ट हो गए है।

**3. काम पर जाने के कारण बच्चे किन-किन सुविधाओं से वंचित हैं?**

**उत्तर-** काम पर जाने के कारण बच्चे ज्ञान की अदभुत दुनिया से वंचित हैं। खेल-खिलौनों से वंचित हैं। प्यार -दुलार और सम्मान से वंचित हैं ।सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हैं।

**4. काम पर जाने वाले बच्चे कॉपी- किताबें और खेल खिलौनो का उपयोग क्यों नहीं कर पाते ?**

**उत्तर-** बच्चे कॉपी- किताबें और खेल -खिलौनो का समुचित उपयोग नहीं कर पाते क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति की तरफ ही सारा ध्यान चला जाता है।

**5. वर्तमान समय में भी बच्चों का काम पर जाना चिंता का विषय बन गया है कैसे ?**

**उत्तर-** वर्तमान समय में भी बच्चों का काम पर जाना सरकार और समाज के लिए चिंता का विषय बन गया है। इसकी मुख्य वजह अज्ञानता, अशिक्षा और भूखमरी है। विद्यालय की शिक्षा से ज्यादा अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना होता है। यही वजह है कि अब भी कई बच्चे विद्यालय छोड़ कर पैसे कमाने के लिए भाग जाते हैं।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

© JCERT not to be republished

**1. बच्चे काम पर जा रहे हैं। कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखें।**

**उत्तर-** 'बच्चे काम पर जा रहे हैं कविता राजेश जोशी की श्रेष्ठ कविताओं में एक है। जिसमें कवि बच्चों के बचपन को बचाने हेतु निरंतर संघर्ष करते हुए बेचैन दिखते हैं। सामाजिक सरोकारों को महत्व देते हुए बच्चों के काम पर जाने की पीड़ा को कवि ने बड़े ही मर्मस्पर्शी ढंग से व्यक्त किया है। समाज में सामाजिक विषमता ने बच्चों के खेलने कूदने और पढ़ने-लिखने की उम्र में सारे अवसर छीन लिए। भविष्य में मिलनेवाले बेहतरीन अवसर से विहीन कर दिया है । बच्चों का काम पर जाना किसी भूकंप से कम नहीं है। समाज की इसी संवेदनहीनता पर कवि व्यंग्य करता है। पर काम पर जाते बच्चों को देख कर समाज पर फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि ये उनके बच्चे नहीं होते और जिनके होते हैं उन्हें अच्छा या बुरा सोचने की फुरसत नहीं।

**2. कोहरे से ढक्की कहकर' कवि ने किस तरह की परिस्थितियों की ओर संकेत किया है? बच्चे काम पर जा रहे हैं। कविता के आधार पर स्पष्ट करें |**

**उत्तर-** रात में पड़ने वाला कोहरा सुबह के समय और भी घना हो उठता है। जो शीत की भयावहता को और भी बढ़ा देता है। वातावरण में छाया घना कोहरा और टपकती बर्फीली फुहारे सर्दी को चरमसीमा पर पहुँचा देती है । इस समय कोई भी घर से बाहर कदम तक रखना नहीं चाहता। इस कंपकपाती ठंड में भी छोटे-छोटे कम उम्र के बच्चे विद्यालय जाने के स्थान पर अपनी जीविका चलाने और रोजी रोटी कमाने हेतु काम पर निकल जाते हैं। काम की परिस्थितियाँ भी बिलकुल विपरीत होती है फिर भी जाना पड़ता है।

**3. बालश्रम क्या है, बच्चे काम पर जा रहे हैं इसे रोकने के लिए आप कुछ सुझाव दीजिए।**

**उत्तर-** छोटे- छोटे बच्चों से काम करवाना बालश्रम कहलाता है । इस प्रथा को कई देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने शोषित करने वाली प्रथा माना है। साथ ही अवैध और अन्यायपूर्ण माना है।

बालश्रम में मासूम का बचपन छिन जाता है। पढ़ लिख ना पाने से उनका भविष्य अंधकारमय बन जाता है। इन्हें रोकने के लिए निम्नलिखित कदम सरकार द्वारा उठाये जाने चाहिए जैसे-

1. गरीबों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए।
2. मीडिया और पत्रकारिता के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना चाहिए।
3. बच्चों से काम करवाने वालों को कठोर दंड दिया जाना चहिए।
4. व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए।
5. बाल श्रमिकों की पहचान कर उनकी शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए।

© JCERT not to be republished

# कृतिका

© JCERT not to be republished